भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4109

उत्तर देने की तारीख 12 अगस्त, 2026

कर्नाटक में भारतनेट परियोजना के तहत तात्कालिक सेवा

4109. डॉ. सी. एन. मंजूनाथः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बेंगलुरू ग्रामीण लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित कर्नाटक में भारतनेट परियोजना के अंतर्गत सेवा के लिए तैयार की गई ग्राम पंचायतों का ब्यौरा और संख्या कितनी है और संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (एबीपी) के अंतर्गत किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने कर्नाटक के ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम छोर तक ब्रॉडबैंड पहुंच सहित भारतनेट कनेक्टिविटी के उपयोग का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) कर्नाटक में विशेष रूप से बेंगलुरू ग्रामीण लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थापित पीएम-वाणी सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट का जिला-वार ब्यौरा और संख्या क्या है और 5जी नेटवर्क शुरू किए गए और शुरू किए गए बेस ट्रांसीवर स्टेशनों (बीटीएस) की स्थिति क्या है; और

(घ) कर्नाटक के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में अंतिम छोर तक संपर्क को सुदृढ़ करने, पीएम-वाणी सेवाओं का विस्तार करने, 5जी कवरेज में तेजी लाने और डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए क्या उपाय किए गए हैं अथवा किए जाने का विचार है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) भारत सरकार ने रिंग टोपोलॉजी का उपयोग करते हुए देश भर की सभी 2.65 लाख ग्राम पंचायतों में नेटवर्क के उन्नयन/निर्माण के लिए दिनांक 04.08.2023 को संशोधित भारतनेट परियोजना को अनुमोदन दिया जिसमें कर्नाटक की 6,090 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। दिनांक 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार, कर्नाटक में 344 ग्राम पंचायतों (जीपी) को अपग्रेड किया गया है। एबीपी के तहत, सरकार ने कर्नाटक सहित देश भर में 1.5 करोड़ फाइबर-टू-द-होम (एफटीटीएच) कनेक्शन का प्रावधान किया है जिसमें स्कूलों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ियों और पंचायत कार्यालयों सहित सरकारी संस्थाओ को कवर करने को प्राथमिकता दी गई है।

(ग) दिनांक 30-06-2026 की स्थिति के अनुसार, कर्नाटक में प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (पीएम-वाणी) पब्लिक डाटा ऑफिस (पीडीओ) की कुल संख्या 21,843 है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में 6,911 वाई-फाई हॉटस्पॉट शामिल हैं। इसके अलावा, कर्नाटक सहित देश के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 5जी नेटवर्क को रॉल आउट किया गया है। दिनांक 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार, कर्नाटक में 35,388 5जी बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) चालू किए गए हैं, जिसमें बेंगलुरु ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 1,112 5जी बीटीएस शामिल हैं। इनका जिला-वार ब्यौरा अनुबंध में संलग्न है।

(घ) दूरसंचार विभाग ने ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों सहित पीएम-वाणी पीडीओ के विस्तार के लिए लागत को कम करने और सार्वजनिक डेटा कार्यालयों (पीडीओ) और पब्लिक डेटा ऑफिस एग्रीगेटर्स (पीडीओए) की व्यवहार्यता को बढ़ाने के लिए दिनांक 16.09.2024 को नीतिगत हस्तक्षेप जारी किए। इन उपायों में एफटीटीएच कनेक्शन के माध्यम से पीएम-वाणी को सक्षम बनाना, कई एक्सेस पॉइंट्स का एकत्रीकरण, मोबाइल डेटा ऑफलोडिंग और प्रयोक्ता की सहमति से प्रचार संदेश देना शामिल है। इसके अलावा, निर्बाध प्रयोक्ता पहुंच के लिए इंटर-पीडीओए रोमिंग के साथ-साथ होम और बिजनेस वाई-फाई एक्सेस प्वाइंट को पीएम-वाणी नेटवर्क में शामिल होने में सक्षम बनाया गया है।

सरकार ने ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) के तहत विभिन्न पहलें की हैं जिसमें ग्राम पंचायतों (जीपी) और गांवों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भारतनेट और कर्नाटक सहित देश भर में कवर नहीं किए गए ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में मोबाइल कवरेज प्रदान करने के लिए 4जी सेचुरेशन स्कीम शामिल है। दिनांक 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार, डीबीएन द्वारा वित्त पोषित स्कीमों के तहत, कर्नाटक में 2,821 टावरों सहित देश भर में 23,426 मोबाइल टावर ऑन एयर किए गए हैं। इसके अलावा, कर्नाटक सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 5जी नेटवर्क को रॉल आउट किया गया है।

दिनांक 12 अगस्त, 2026 को उत्तर देने के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4109 के उत्तर के भाग (ग) में संदर्भित अनुबंध

दिनांक 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार कर्नाटक में 5जी बीटीएस और पीएम-वाणी पब्लिक डेटा ऑफिस (पीडीओ) का ब्योरा

क्र. सं.	जिला	5जी बीटीएस	पीएम-वाणी पब्लिक डेटा ऑफिस (पीडीओ)
1	बागलकोट	735	424
2	बेल्लारी	713	294
3	बेलगावी	2,078	908
4	बेंगलुरु ग्रामीण	1,030	1,166
5	बेंगलुरु शहरी	11,763	10,535
6	बीदर	678	241
7	चामराजनगर	357	197
8	चिक्काबल्लापुरा	612	240
9	चिक्कमंगलूर	537	390
10	चित्रदुर्ग	576	500
11	दक्षिण कन्नड़	1,505	811
12	दावनगेरे	675	464
13	धारवाड़	1,036	590
14	गदग	364	235
15	हसन	817	529
16	हावेरी	505	190
17	कलबुर्गी	942	495
18	कोडागु	274	182

19	कोलार	795	330
20	कोप्पल	532	134
21	मांड्या	836	192
22	मैसूर	1,714	500
23	रायचूर	711	298
24	रामनगर	598	64
25	शिवमोग्गा	787	536
26	तुमकुरु	1,148	297
27	उडुपी	747	297
28	उत्तर कन्नड़	618	478
29	विजयनगर	391	49
30	विजयपुरा	942	215
31	यादगीर	372	62
सकल योग		**35,388**	**21,843**

*****